करुणानिधि कृपा करके अवतार लीजिये लिरिक्स

करुणानिधि कृपा करके,
अवतार लीजिये,
भक्तों पे अपने इतना सा,
उपकार कीजिये।bd।

तर्ज – मिलती है जिंदगी में।

माथे पे फिर वही मुकुट,
घुघराले बाल हों,
फिर से वो मोर पंखी सिर पे,
धार लीजिये,
करुणानिधि कृपा करकें,
अवतार लीजिये।bd।

रंग श्याम हो तुम्हारा,
गुलाबी से गाल हों,
आंखों में तिरछा काजल,
फिर से डार लीजिये,
करुणानिधि कृपा करकें,
अवतार लीजिये।bd।

पिताम्बरों का फिर वही,
तन पे लिबास हो,
होठों पे वो ही प्यारी,
मुरली धार लीजिये,
करुणानिधि कृपा करकें,
अवतार लीजिये।bd।

'राजेन्द्र' की श्रीकृष्ण से,
बस एक विनती है,
भक्तों को देके दर्शन प्रभु,
उद्धार दीजिये,
करुणानिधि कृपा करकें,
अवतार लीजिये।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

करुणानिधि कृपा करके,
अवतार लीजिये,
भक्तों पे अपने इतना सा,
उपकार कीजिये।bd।

गीतकार / गायक – राजेंद्र प्रसाद सोनी।
मो. 8939262340

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com